A A

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

N00017

# PAPER - I

OMR Sheet No. : ..........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________

(In words)

Test Booklet Series **A**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **fifty (50)** multiple-choice-type of questions. **All** questions are **compulsory**.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal/polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal/without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The Series of this booklet is **A**, make sure that the Series printed on OMR Sheet is same as that on this booklet. In case of discrepancy in Series, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of the Test Booklet/OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील/पोलिथीन बैग को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील/बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
   (iv) इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़ **A** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़, OMR पत्रक के सीरीज़ से मिलता है। अगर सीरीज़ भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी समान सीरीज़ वाली प्रश्न-पुस्तिका/OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



A A

# PAPER - I

**Note :** This paper consists of **Fifty (50)** objective type questions of **Two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**50 Q x 2 M = 100 Marks**

1. Which of the following set of statements best represents the nature and objective of teaching and learning ?

   (a) Teaching is like selling and learning is like buying.

   (b) Teaching is a social act while learning is a personal act.

   (c) Teaching implies learning whereas learning does not imply teaching.

   (d) Teaching is a kind of delivery of knowledge while learning is like receiving it.

   (e) Teaching is an interaction and is triadic in nature whereas learning is an active engagement in a subject domain.

   **Code :**

   (1) (a), (d) and (e) (2) (b), (c) and (e)

   (3) (a), (b) and (c) (4) (a), (b) and (d)

2. From the list given below identify the learner characteristics which would facilitate teaching-learning system to become effective. Choose the correct code to indicate your answer.

   (a) Prior experience of learner (b) Learner's family lineage

   (c) Aptitude of the learner (d) Learner's stage of development

   (e) Learner's food habits and hobbies (f) Learner's religious affiliation

   **Code :**

   (1) (a), (c) and (d) (2) (d), (e) and (f)

   (3) (a), (d) and (e) (4) (b), (c) and (f)

3. **Assertion (A)** : All teaching implies learning.

   **Reason (R)** : Learning to be useful must be derived from teaching.

   Choose the **correct** answer from the following :

   (1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

   (2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

   (3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

   (4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

# प्रश्न-पत्र – I

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**50 प्रश्न x 2 अंक = 100 अंक**

**1.** निम्नलिखित कथनों के समुच्चय में से कौन-सा शिक्षण और अधिगम के प्रकृति एवं उद्देश्य को सर्वोत्तम रूप में प्रस्तुत करता है ?

(a) शिक्षण विक्रय के समान है और अधिगम खरीदारी के जैसा है।

(b) शिक्षण सामाजिक कृत्य है जबकि अधिगम व्यक्तिगत कृत्य है।

(c) शिक्षण में अधिगम निहित है जबकि अधिगम शिक्षण को समाहित नहीं करता।

(d) शिक्षण एक प्रकार का ज्ञान का अंतरण है जबकि अधिगम इसे प्राप्त करने जैसा है।

(e) शिक्षण एक अन्त:क्रिया है और प्रकृति में त्रिपदी है जबकि अधिगम एक विषय के अन्तर्गत सक्रिय कार्य है।

**कूट :**

(1) (a), (d) और (e)
(2) (b), (c) और (e)
(3) (a), (b) और (c)
(4) (a), (b) और (d)

**2.** नीचे दी गई सूची में से विद्यार्थी के उन अभिलक्षणों को चिन्हित करें जो शिक्षण-अधिगम प्रणाली को प्रभावी बनाने में सहायक है। अपने उत्तर को इंगित करने के लिए सही कूट का चयन करें।

(a) विद्यार्थी का पूर्व अनुभव
(b) विद्यार्थी की पारिवारिक वंश परंपरा
(c) विद्यार्थी की अभिक्षमता
(d) विद्यार्थी के विकास की अवस्था
(e) विद्यार्थी की खाने की आदतें और शौक
(f) विद्यार्थी की धार्मिक सम्बद्धता

**कूट :**

(1) (a), (c) और (d)
(2) (d), (e) और (f)
(3) (a), (d) और (e)
(4) (b), (c) और (f)

**3.** **अभिकथन (A) :** सभी शिक्षण में अधिगम निहित होता है।

**तर्क (R) :** अधिगम को उपयोगी होने के लिए उसे आवश्यक रूप से शिक्षण से व्युत्पन्न होना चाहिए।

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**4.** On the basis of summative tests, a teacher is interpreting his/her students, performance in terms of their wellness life style evident in behaviour. This will be called :

(1) Formative testing (2) Continuous and comprehensive evaluation

(3) Norm - referenced testing (4) Criterion - referenced testing

**5.** Which one of the following is a key behaviour in effective teaching ?

(1) Using student ideas and contribution

(2) Structuring

(3) Instructional variety

(4) Questioning

**6.** Which of the following research types focuses on ameliorating the prevailing situations ?

(1) Fundamental Research (2) Applied Research

(3) Action Research (4) Experimental Research

**7.** A researcher attempts to evaluate the effect of method of feeding on anxiety - proneness of children. Which method of research would be appropriate for this ?

(1) Case study method (2) Experimental method

(3) Ex-post-facto method (4) Survey method

**8.** In which of the following arrangements a wider spectrum of ideas and issues may be made possible ?

(1) Research Article (2) Workshop mode

(3) Conference (4) Symposium

**9.** In finalizing a thesis writing format which of the following would form part of supplementary pages ?

(1) List of tables and figures (2) Table of contents

(3) Conclusions of the study (4) Bibliography and Appendices

**10.** Which of the following is susceptible to the issue of research ethics ?

(1) Inaccurate application of statistical techniques

(2) Faulty research design

(3) Choice of sampling techniques

(4) Reporting of research findings

4. संकलनात्मक परीक्षणों के आधार पर एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के निष्पादन व्यवहार को उसमें अभिव्यक्त सुस्थित जीवन शैली के संदर्भ में व्याख्यायित करता है। इसे कहा जायेगा :
   (1) निर्माणात्मक परीक्षण
   (2) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन
   (3) मानक संदर्भित परीक्षण
   (4) निकष संदर्भित परीक्षण

5. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी शिक्षण में प्रमुख व्यवहार है?
   (1) विद्यार्थी के विचारों एवं अवदान का अनुप्रयोग
   (2) संरचना
   (3) अनुदेशनात्मक विविधता
   (4) प्रश्न पूछना

6. निम्नलिखित में से शोध के किस प्रकार में मौजूदा स्थितियों में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है?
   (1) मौलिक शोध
   (2) व्यवहृत शोध
   (3) क्रियात्मक शोध
   (4) प्रायोगिक शोध

7. एक शोधकर्ता बच्चों की चिन्ता - उन्मुखता पर पोषण विधि के प्रभाव का आँकलन करने का प्रयास करता है। कौन-सी शोध-विधि इसके लिए उपयुक्त होगी?
   (1) व्यष्टि अध्ययन पद्धति
   (2) प्रायोगिक पद्धति
   (3) कार्योत्तर पद्धति
   (4) सर्वेक्षण पद्धति

8. निम्नलिखित में से किस व्यवस्था में विचारों और मुद्दों की व्यापक रेंज (स्पेक्ट्रम) को संभव बनाया जा सकता है?
   (1) शोध लेख
   (2) कार्यशाला पद्धति
   (3) सम्मेलन
   (4) संगोष्ठी

9. एक शोध प्रबंध लेखन फार्मेट को अंतिम रूप देने में निम्नलिखित में से कौन-सा पूरक-पृष्ठों का भाग बनेगा?
   (1) सारणियों और आँकड़ों की सूची
   (2) विषय-सारणी
   (3) अध्ययन के निष्कर्ष
   (4) ग्रंथ-सूची और परिशिष्ट

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध नैतिकता का मुद्दा हो सकता है?
   (1) सांख्यिकीय तकनीकों का अयथार्थ अनुप्रयोग
   (2) शोध की रूपरेखा का दोषपूर्ण होना
   (3) निदर्शन तकनीकों का विकल्प
   (4) शोध निष्कर्षों को रिपोर्ट करना

**Read the passage carefully and answer question numbers from 11 to 15.**

Climate change is considered to be one of the most serious threats to sustainable development, with adverse impacts on the environment, human health, food security, economic activity, natural resources and physical infrastructure. Global climate varies naturally. According to the Inter-governmental Panel on Climate Change (IPCC), the effects of climate change have already been observed, and scientific findings indicate that precautionary and prompt action is necessary. Vulnerability to climate change is not just a function of geography or dependence on natural resources; it also has social, economic and political dimensions which influence how climate change affects different groups. Poor people rarely have insurance to cover loss of property due to natural calamities i.e. drought, floods, super cyclones etc. The poor communities are already struggling to cope with the existing challenges of poverty and climate variability and climate change could push many beyond their ability to cope or even survive. It is vital that these communities are helped to adapt to the changing dynamics of nature. Adaptation is a process through which societies make themselves better able to cope with an uncertain future. Adapting to climate change entails taking the right measures to reduce the negative effects of climate change (or exploit the positive ones) by making the appropriate adjustments and changes. These range from technological options such as increased sea defences or flood - proof houses on stilts to behavioural change at the individual level, such as reducing water use in times of drought. Other strategies include early warning systems for extreme events, better water management, improved risk management, various insurance options and biodiversity conservation. Because of the speed at which climate change is happening due to global temperature rise, it is urgent that the vulnerability of developing countries to climate change is reduced and their capacity to adapt is increased and national adaptation plans are implemented. Adapting to climate change will entail adjustments and changes at every level from community to national and international. Communities must build their resilience, including adopting appropriate technologies while making the most of traditional knowledge, and diversifying their livelihoods to cope with current and future climate stress. Local coping strategies and knowledge need to be used in synergy with government and local interventions. The need of adaptation interventions depends on national circumstances. There is a large body of knowledge and experience within local communities on coping with climatic variability and extreme weather events. Local communities have always aimed to adapt to variations in their climate. To do so, they have made preparations based on their resources and their knowledge accumulated through experience of past weather patterns. This includes times when they have also been forced to react to and recover from extreme events, such as floods, drought and hurricanes. Local coping strategies are an important element of planning for adaptation. Climate change is leading communities to experience climatic extremes more frequently, as well as new climate conditions and extremes. Traditional knowledge can help to provide efficient, appropriate and time - tested ways of advising and enabling adaptation to climate change in communities who are feeling the effects of climate changes due to global warming.

**गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न संख्या 11 से 15 का उत्तर दें।**

जलवायु परिवर्तन को समर्थनीय विकास का सर्वाधिक गंभीर खतरा माना जाता है। इसका पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक गतिविधि, प्राकृतिक संसाधनों और भौतिक अवसंरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैश्विक जलवायु स्वाभाविक रूप परिवर्तित होती रहती है। जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर को ज्ञापित करने वाले सरकारी पैनल (आई.पी.सी.सी.) के अनुसार जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को पहले ही प्रेक्षित किया जा चुका है और वैज्ञानिक निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि सतर्कता और शीघ्रतापूर्वक कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के प्रति भेद्यता सिर्फ भूगोल से नहीं जुड़ी है अथवा सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर नहीं है बल्कि जलवायु परिवर्तन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयाम भी हैं जो इस बात को प्रभावित करते हैं कि किस प्रकार से जलवायु परिवर्तन विभिन्न समूहों को प्रभावित करते हैं। निर्धन व्यक्तियों के पास प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, महाचक्रवात आदि के कारण सम्पत्ति को होनेवाली क्षति की पूर्ति करने के लिए शायद ही बीमा होता है। निर्धन समुदाय तो गरीबी और जलवायु बदलाव की विद्यमान चुनौतियों से पहले ही जूझ रहा है और जलवायु परिवर्तन के कारण अनेक के लिए उससे जूझने और यहाँ तक कि अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा। यह महत्त्वपूर्ण है कि प्रकृति के बदलते आयामों के साथ सामंजस्य बैठाने में इन समुदायों की सहायता की जानी चाहिए। अनुकूलन वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से समाज अनिश्चित भविष्य के साथ सामंजस्य बिठाने में अपने को बेहतर ढंग से सक्षम बनाता है। जलवायु परिवर्तन के साथ अनुकूलन के तहत समुचित सामंजस्य और परिवर्तन करने के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने (सकारात्मक प्रभावों का फायदा उठाने) के लिए सही उपाय किए जाते हैं। इन उपायों में प्रौद्योगिकीय विकल्प यथा: बढ़ी हुई समुद्री सुरक्षा अथवा टिलुओं पर बाढ़ - रक्षित घर से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहारगत परिवर्तन जैसे सूखे के समय में पानी का कम प्रयोग शामिल है। अन्य रणनीतियों में चरम घटनाओं के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, बेहतर जल प्रबंधन, उन्नत जोखिम प्रबंधन, विभिन्न बीमा विकल्प और जैव-विविधता संरक्षण सम्मिलित है। वैश्विक तापन वृद्धि के कारण जिस गति से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है यह अत्यावश्यक हो जाता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रति विकासशील देशों की भेद्यता को कम किया जाए और उनकी अनुकूलन क्षमता को बढ़ाया जाए तथा राष्ट्रीय अनुकूलन नीतियाँ कार्यान्वित की जाएँ। जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन समुदाय से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सभी स्तरों पर सामंजस्य और परिवर्तनों की माँग करता है। वर्तमान और भविष्य के जलवायु के साथ सामंजस्य बिठाने हेतु समुदायों को अपने सर्वाधिक पारम्परिक ज्ञान का उपयोग करने और अपनी आजीविका के विविधीकरण के साथ-साथ समुचित प्रौद्योगिकियों को अपनाने सहित अपनी नम्यता बनानी चाहिए। सरकारी और स्थानीय हस्तक्षेपों के साथ तालमेल बिठाते हुए सामंजस्य बिठाने वाली स्थानीय रणनीतियों और ज्ञान का प्रयोग किया जाना चाहिए। अनुकूलन संबंधी हस्तक्षेप राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। जलवायु संबंधी बदलावों और चरम मौसमी घटनाओं के साथ सामंजस्य बिठाने के संबंध में स्थानीय समुदायों के पास वृहत ज्ञान और अनुभव है। स्थानीय समुदायों का हमेशा से उद्देश्य अपने जलवायु परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाना रहा है। ऐसा करने के लिए उन्होंने विगत के मौसमी पैटर्नों के अपने अनुभव के आधार पर अपने संसाधनों और संचित ज्ञान के अनुरूप तैयारियाँ की हैं। इसमें वे समय भी शामिल रहे हैं जब उन्हें बाढ़, सूखा और तूफान जैसी चरम मौसमी घटनाओं से प्रतिक्रिया करना और उनसे उबरना पड़ा है। सामंजस्य बिठाने की स्थानीय रणनीतियाँ अनुकूलन के नियोजन में महत्त्वपूर्ण तत्त्व रही हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से समुदायों को बार-बार चरम जलवायु स्थितियों तथा नई जलवायु स्थितियों और चरम स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पारम्परिक ज्ञान से उन समुदायों को जो वैश्विक तापन की वजह से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को महसूस कर रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के साथ सामंजस्य बिठाने तथा कुशल, समुचित और समयसिद्ध उपाय ढूँढने में सहायता मिलेगी।

**11.** Given below are the factors of vulnerability of poor people to climate change. Select the code that contains the correct answer.

(a) Their dependence on natural resources

(b) Geographical attributes

(c) Lack of financial resources

(d) Lack of traditional knowledge

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (c) only

**12.** Adaptation as a process enables societies to cope with :

(a) An uncertain future

(b) Adjustments and changes

(c) Negative impact of climate change

(d) Positive impact of climate change

Select the most appropriate answer from the following code :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a) and (c)

(3) (b), (c) and (d) (4) (c) only

**13.** To address the challenge of climate change, developing countries urgently require :

(1) Imposition of climate change tax

(2) Implementation of national adaptation policy at their level

(3) Adoption of short-term plans

(4) Adoption of technological solutions

**14.** The traditional knowledge should be used through :

(1) Its dissemination

(2) Improvement in national circumstances

(3) Synergy between government and local interventions

(4) Modern technology

**11.** नीचे जलवायु परिवर्तन के प्रति निर्धन व्यक्तियों की भेद्यता के कारक दिए गए हैं। सही उत्तर वाले कूट का चयन करें।

(a) प्राकृतिक संसाधनों पर उनकी निर्भरता

(b) भौगोलिक कारण

(c) वित्तीय संसाधनों की कमी

(d) पारंपरिक ज्ञान का अभाव

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) सिर्फ (c)

**12.** अनुकूलन एक प्रक्रिया के रूप में समाजों को निम्नलिखित में से किसके साथ सामंजस्य बिठाने में समर्थ बनाता है?

(a) अनिश्चित भविष्य

(b) सामंजस्य और परिवर्तन

(c) जलवायु परिवर्तन का नकारात्मक प्रभाव

(d) जलवायु परिवर्तन का सकारात्मक प्रभाव

निम्नलिखित कूट में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b), (c) और (d) (2) (a) और (c)

(3) (b), (c) और (d) (4) सिर्फ (c)

**13.** जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकासशील देशों को अत्यावश्यक रूप से निम्नलिखित में से क्या करने की ज़रूरत है?

(1) जलवायु परिवर्तन कर लगाना

(2) अपने स्तर पर राष्ट्रीय अनुकूलन नीति का कार्यान्वयन

(3) अल्पावधि योजनाएँ अपनाना

(4) प्रौद्योगिकीय समाधान अपनाना

**14.** पारम्परिक ज्ञान का उपयोग निम्नलिखित में से किसके माध्यम से किया जाना चाहिए?

(1) इसके प्रचार-प्रसार द्वारा

(2) राष्ट्रीय परिस्थितियों में सुधार द्वारा

(3) सरकार और स्थानीय हस्तक्षेपों के बीच तालमेल से

(4) आधुनिक प्रौद्योगिकी द्वारा

**15.** The main focus of the passage is on :

(1) Combining traditional knowledge with appropriate technology

(2) Co-ordination between regional and national efforts

(3) Adaptation to climate change

(4) Social dimensions of climate change

**16.** The interaction between a teacher and students creates a zone of proximal :

(1) Difference (2) Confusion

(3) Development (4) Distortion

**17.** The spatial audio reproduction in a classroom can reduce the students' :

(1) Cognitive load in understanding

(2) Respect for the teacher

(3) Motivation for excellence

(4) Interest in technology - orientation

**18.** The classroom communication should essentially be :

(1) Contrived (2) Empathetic (3) Abstract (4) Non-descriptive

**19.** A good communicator begins his/her presentation with a :

(1) Complex question (2) Non-sequitur

(3) Repetitive phrase (4) Ice-breaker

**20.** In a classroom, the probability of message reception can be enhanced by :

(1) Establishing a viewpoint

(2) Exposing the ignorance of students

(3) Increasing the information load

(4) Using high decibel audio tools

**21.** In the series 1, 6, 15, 28, 45, ............ the next term will be :

(1) 66 (2) 76 (3) 56 (4) 84

**15.** इस गद्यांश का संकेन्द्रिक बिन्दु है :

(1) पारंपरिक ज्ञान को समुचित प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना

(2) क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रयासों के बीच समन्वय

(3) जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन

(4) जलवायु परिवर्तन के सामाजिक आयाम

**16.** शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच परस्पर संवाद समीपस्थ __________ जोन का निर्माण करता है।

(1) अंतर (2) भ्रम

(3) विकास (4) विकृति

**17.** किसी कक्षा में स्थानिक श्रव्य पुन:प्रस्तुति की वजह से विद्यार्थियों का निम्नलिखित में से क्या घट सकता है/सकती है ?

(1) बोध में संज्ञानात्मक भार

(2) शिक्षकों के प्रति आदर

(3) उत्कृष्टता के प्रति प्रेरणा

(4) प्रौद्योगिकी - अभिविन्यास में रुचि

**18.** कक्षा में संवाद अनिवार्य रूप से होना चाहिए :

(1) काल्पनिक (2) तदनुभूतिक (3) अमूर्त (4) ग़ैर-विवरणात्मक

**19.** एक उत्तम सम्प्रेषक अपना प्रस्तुतीकरण निम्नलिखित में से किससे शुरू करता है ?

(1) जटिल प्रश्न (2) नानुमिति

(3) पुनरावर्ती पदबंध (4) सुगमपूर्वाभ्यास

**20.** किसी कक्षा में संवाद ग्रहण की संभाव्यता को निम्नलिखित में से किससे बढ़ाया जा सकता है ?

(1) दृष्टिकोण स्थापित करके

(2) विद्यार्थियों की अनभिज्ञता उजागर करके

(3) सूचना भार में वृद्धि करके

(4) उच्च डेसिबेल के श्रव्य उपकरणों का प्रयोग करके

**21.** शृंखला 1, 6, 15, 28, 45, ........... में अगली संख्या होगी :

(1) 66 (2) 76 (3) 56 (4) 84

**22.** The next term in the series ABD, DGK, HMS, MTB, .......... is :

(1) NSA (2) SBL (3) PSK (4) RUH

**23.** In certain code, "COVALENT" is coded as BWPDUOFM. The code of "ELEPHANT" will be :

(1) MFUIQRTW (2) QMUBIADH

(3) QFMFUOBI (4) EPHNTEAS

**24.** Ajay is a friend of Rakesh. Pointing to an old man Ajay asked Rakesh who is he ? Rakesh said "His son is my son's uncle". The old man is related to Rakesh as :

(1) Grandfather (2) Father-in-law

(3) Father (4) Uncle

**25.** A postman walked 20 m straight from his office, turned right and walked 10 m. After turning left he walked 10 m and after turning right walked 20 m. He again turned right and walked 70 m. How far he is from his office ?

(1) 50 m. (2) 40 m. (3) 60 m. (4) 20 m.

**26.** It is Truism to say that no one was there when life first appeared on earth. Any assertion about life's origin, thus, should be treated as a theory.

The above two statements constitute :

(1) A historical explanation (2) A narrative

(3) An argument (4) A conjecture

**27.** Given below are four statements. Among them two are related in such a way that they can both be true but they cannot both be false. Select the code that indicates those two statements :

**Statements :**

(a) Honest people never suffer.

(b) Almost all honest people do suffer.

(c) Honest people hardly suffer.

(d) Each and every honest person suffers.

**Code :**

(1) (a) and (b) (2) (a) and (c) (3) (a) and (d) (4) (b) and (c)

**22.** शृंखला ABD, DGK, HMS, MTB, .......... में अगला पद है :

(1) NSA (2) SBL (3) PSK (4) RUH

**23.** किसी कूट में "COVALENT" का कूट BWPDUOFM है। "ELEPHANT" का कूट होगा :

(1) MFUIQRTW (2) QMUBIADH

(3) QFMFUOBI (4) EPHNTEAS

**24.** अजय, राकेश का दोस्त है। एक बुजुर्ग आदमी की ओर इशारा करते हुए अजय ने राकेश से पूछा कि वह कौन है? राकेश ने कहा ''उसका बेटा, मेरे बेटे का चाचा है।'' बुजुर्ग व्यक्ति और राकेश के बीच निम्नलिखित रिश्ता है :

(1) ग्रांडफादर (बाबा) (2) फादर-इन-लॉ (श्वसुर)

(3) फादर (पिता ) (4) अंकल (चाचा)

**25.** एक डाकिया अपने कार्यालय से सीधे 20 मीटर चला, अपनी दाहिनी ओर मुड़कर 10 मीटर चला। बाँयी ओर मुड़ने के बाद वह 10 मीटर चला और दाहिनी ओर मुड़ने के बाद 20 मीटर चला। वह फिर से दाहिनी ओर मुड़ा और 70 मीटर चला। वह अपने कार्यालय से कितनी दूरी पर है?

(1) 50 मीटर (2) 40 मीटर (3) 60 मीटर (4) 20 मीटर

**26.** यह कहना एक सामान्य सत्य है कि जब पृथ्वी पर सर्वप्रथम जीवन का उद्‌भव हुआ तब वहाँ कोई नहीं था। इस प्रकार, जीवन के उद्‌भव के संबंध में किसी भी अभिकथन को सिद्धांत माना जाना चाहिए।

उपर्युक्त दोनों कथन निर्मित करते हैं :

(1) एक ऐतिहासिक व्याख्या (2) एक आख्यान

(3) एक तर्क (4) एक अटकल

**27.** नीचे चार कथन दिए गए हैं। उनमें से दो आपस में इस तरह से संबंधित हैं कि वे दोनों सत्य हो सकते हैं परन्तु वे दोनों असत्य नहीं हो सकते। उस कूट का चयन करें जो उन दोनों कथनों को इंगित करता है :

**कथन :**

(a) ईमानदार व्यक्ति कभी कष्ट नहीं झेलते हैं।

(b) लगभग सभी ईमानदार व्यक्ति कष्ट झेलते हैं।

(c) ईमानदार व्यक्ति शायद ही कष्ट झेलते हैं।

(d) प्रत्येक ईमानदार व्यक्ति कष्ट झेलता है।

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a) और (c) (3) (a) और (d) (4) (b) और (c)



A A

**28.** A deductive argument is invalid if :

(1) Its premises and conclusion are all true.

(2) Its premises and conclusion are all false.

(3) Its premises are all false but its conclusion is true.

(4) Its premises are all true but its conclusion is false.

**29.** Given below are two premises (a and b). From those two premises four conclusions (i), (ii), (iii) and (iv) are drawn. Select the code that states the conclusion/conclusions drawn validly (taking the premises singularly or jointly).

**Premises :** (a) All bats are mammals.

(b) No birds are bats.

**Conclusions :** (i) No birds are mammals.

(ii) Some birds are not mammals.

(iii) No bats are birds.

(iv) All mammals are bats.

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (i) only | (2) | (i) and (ii) only |
| (3) | (iii) only | (4) | (iii) and (iv) only |

**30.** Just as melting ice - cubes do not cause a glass of water to overflow, melting sea - ice does not increase oceanic volume.

What type of argument is it ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Analogical | (2) | Hypothetical |
| (3) | Psychological | (4) | Statistical |

28. एक निगमनात्मक तर्क अप्रामाणिक है यदि :

(1) इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी सही हों।

(2) इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी गलत हों।

(3) इसके सभी आधार वाक्य गलत हों परन्तु इसका निष्कर्ष सही हो।

(4) इसके सभी आधार वाक्य सही हों परन्तु इसका निष्कर्ष गलत हो।

29. नीचे दो आधार वाक्य (a और b) दिए गए हैं। इन दो आधार वाक्यों से चार निष्कर्ष (i), (ii), (iii) और (iv) निकाले गए हैं। उस कूट का चयन करें जो प्रामाणिक रूप से निकाले गए (आधार वाक्यों को अकेले अथवा संयुक्त रूप से लेते हुए) निष्कर्ष/निष्कर्षों को दर्शाता है।

**आधार वाक्य** : (a) सभी चमगादड़ स्तनपायी होते हैं।

(b) कोई भी पक्षी चमगादड़ नहीं होता है।

**निष्कर्ष** : (i) कोई पक्षी स्तनपायी नहीं होता है।

(ii) कुछ पक्षी स्तनपायी नहीं होते हैं।

(iii) कोई चमगादड़ पक्षी नहीं होता है।

(iv) सभी स्तनपायी चमगादड़ होते हैं।

**कूट :**

(1) केवल (i) (2) केवल (i) और (ii)

(3) केवल (iii) (4) केवल (iii) और (iv)

30. जैसे गिलास में बर्फ के पिघलते गोलों से गिलास का पानी उससे बाहर नहीं बहता उसी प्रकार पिघलते हुए समुद्री हिमखंड से समुद्र का आयतन नहीं बढ़ता है।

यह निम्नलिखित में से किस प्रकार का तर्क है ?

(1) सादृश्यमूलक (2) परिकल्पनात्मक

(3) मनोवैज्ञानिक (4) सांख्यिकीय

**Answer the questions 31 to 35 based on the data given in the table below.**

**Table : Number of registered vehicles in India and India's population.**

| Year | Total vehicles (Lakhs) | Two wheelers (Lakhs) | Cars, Jeeps, Taxis (Lakhs) | Buses (Lakhs) | Goods vehicles (Lakhs) | Others (Lakhs) | Population (India) (Millions) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1961 | 6.65 | 0.88 | 3.1 | 0.57 | 1.68 | 0.42 | 439.23 |
| 1971 | 18.65 | 5.76 | 6.82 | 0.94 | 3.43 | 1.70 | 548.15 |
| 1981 | 53.91 | 26.18 | 11.60 | 1.62 | 5.54 | 8.97 | 683.32 |
| 1991 | 213.74 | 142.00 | 29.54 | 3.31 | 13.56 | 25.33 | 846.42 |
| 2001 | 549.91 | 385.56 | 70.58 | 6.34 | 29.48 | 57.95 | 1028.73 |
| 2011 | 1417.58 | 1018.65 | 191.23 | 16.04 | 70.64 | 121.02 | 1210.19 |

**31.** The maximum decadal growth in population of India is registered in the period :

(1) 1961 - 1971 (2) 1991 - 2001 (3) 2001 - 2011 (4) 1981 - 1991

**32.** In which year the decadal growth (%) in number of cars surpassed that of the two wheelers ?

(1) 1991 (2) 2001 (3) 1981 (4) 2011

**33.** What was the average decadal growth in the number of cars during 1961 - 2011 ?

(1) ~ 131% (2) ~ 68% (3) ~ 217% (4) ~ 157%

**34.** In the year 2001, out of total number of vehicles, the number of passenger vehicles (4 wheelers) accounted for :

(1) ~ 14% (2) ~ 24% (3) ~ 31% (4) ~ 43%

**35.** What was the per capita ownership of two wheelers in India in the year 2011 ?

(1) ~ 0.084% (2) ~ 0.0084% (3) ~ 0.84% (4) ~ 0.068%

**36.** What is the name for a webpage address ?

(1) Domain (2) Directory (3) Protocol (4) URL

**निम्नलिखित तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर प्रश्न 31 से 35 का उत्तर दें।**

**तालिका : भारत में पंजीकृत वाहनों की संख्या और भारत की जनसंख्या**

| वर्ष | कुल वाहन (लाख) | दुपहिया वाहन (लाख) | कार, जीप, टैक्सी (लाख) | बसें (लाख) | माल वाहन (लाख) | अन्य (लाख) | भारत की जनसंख्या (मिलियन) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1961 | 6.65 | 0.88 | 3.1 | 0.57 | 1.68 | 0.42 | 439.23 |
| 1971 | 18.65 | 5.76 | 6.82 | 0.94 | 3.43 | 1.70 | 548.15 |
| 1981 | 53.91 | 26.18 | 11.60 | 1.62 | 5.54 | 8.97 | 683.32 |
| 1991 | 213.74 | 142.00 | 29.54 | 3.31 | 13.56 | 25.33 | 846.42 |
| 2001 | 549.91 | 385.56 | 70.58 | 6.34 | 29.48 | 57.95 | 1028.73 |
| 2011 | 1417.58 | 1018.65 | 191.23 | 16.04 | 70.64 | 121.02 | 1210.19 |

**31.** निम्नलिखित में से किस दशक के दौरान भारत की जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई ?

(1) 1961 - 1971 (2) 1991 - 2001 (3) 2001 - 2011 (4) 1981 - 1991

**32.** किस वर्ष में कारों की संख्या में हुई दशकीय वृद्धि (%), दुपहिए वाहनों की संख्या में हुई दशकीय वृद्धि (%) को पार कर गई ?

(1) 1991 (2) 2001 (3) 1981 (4) 2011

**33.** वर्ष 1961 - 2011 के दौरान कारों की संख्या में औसत दशकीय वृद्धि कितनी रही ?

(1) ~ 131% (2) ~ 68% (3) ~ 217% (4) ~ 157%

**34.** वर्ष 2001 में, वाहनों की कुल संख्या में से यात्री वाहनों (चौपहिया वाहनों) की संख्या का प्रतिशत क्या था ?

(1) ~ 14% (2) ~ 24% (3) ~ 31% (4) ~ 43%

**35.** वर्ष 2011 में भारत में दुपहिया वाहनों का प्रति व्यक्ति स्वामित्व कितना था ?

(1) ~ 0.084% (2) ~ 0.0084% (3) ~ 0.84% (4) ~ 0.068%

**36.** वेब-पृष्ठ पते (एड्रेस) के लिये क्या नाम है ?

(1) डोमेन (2) डायरेक्टरी (3) प्रोटोकॉल (4) यू.आर.एल.

**37.** The data storage hierarchy consists of :

(1) Bytes, bits, fields, records, files and databases

(2) Bits, bytes, fields, records, files and databases

(3) Bits, bytes, records, fields, files and databases

(4) Bits, bytes, fields, files, records and databases

**38.** Which of the following domains is used for - profit businesses ?

(1) .org (2) .net (3) .edu (4) .com

**39.** What is the full form of USB as used in computer related activities ?

(1) Ultra Security Block (2) Universal Security Block

(3) Universal Serial Bus (4) United Serial Bus

**40.** Which of the following represents billion characters ?

(1) Terabytes (2) Megabytes

(3) Kilobytes (4) Gigabytes

**41.** Which of the following pollutants is the major cause of respiratory diseases ?

(1) Suspended fine particles (2) Nitrogen oxides

(3) Carbon monoxide (4) Volatile organic compounds

**42.** **Assertion (A)** : In urban areas, smog episodes occur frequently in winters.

**Reason (R)** : In winters, a lot of biomass is burnt by people for heating purposes or to keep themselves warm.

Choose the correct answer from the code given below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true and **(R)** is false

(4) Both **(A)** and **(R)** are false

**37.** डाटा भंडारण के अधिक्रम में शामिल है :

(1) बाइट्स, बिट्स, फील्ड्स, रिकार्ड्स, फाइलें तथा डाटाबेसेज़

(2) बिट्स, बाइट्स, फील्ड्स, रिकार्ड्स, फाइलें तथा डाटाबेसेज़

(3) बिट्स, बाइट्स, रिकार्ड्स, फील्ड्स, फाइलें तथा डाटाबेसेज़

(4) बिट्स, बाइट्स, फील्ड्स, फाइलें, रिकार्ड्स तथा डाटाबेसेज़

**38.** निम्नलिखित डोमेनों में किसे अनुलाभकारी व्यापार हेतु प्रयोग किया जाता है ?

(1) .ओ आर जी (2) .एन ई टी (नेट) (3) .ई डी यू (एडू) (4) .सी ओ एम (कॉम)

**39.** कम्प्यूटर से सम्बंधित कार्यों में प्रयोग हेतु यू.एस.बी. का पूरा रूप क्या है ?

(1) अल्ट्रा सिक्योरिटी ब्लॉक (2) यूनीवर्सल सिक्योरिटी ब्लॉक

(3) यूनीवर्सल सीरियल बस (4) यूनाइटेड सीरियल बस

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अरब (बिलियन) केरेक्टर्स प्रदर्शित करता है ?

(1) टैराबाइट्स (2) मैगाबाइट्स

(3) किलोबाइट्स (4) गीगाबाइट्स

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदूषक श्वसन-तंत्र से जुड़ी बीमारियों का प्रमुख कारण है ?

(1) विलंबित सूक्ष्म कण (2) नाइट्रोजन ऑक्साइड

(3) कार्बन मोनोऑक्साइड (4) वाष्पशील कार्बनिक यौगिक

**42.** **अभिकथन (A)** : शहरी क्षेत्रों में, जाड़े के दिनों में अक्सर धूम-कोहरे की घटनाएँ घटित होती हैं।

**तर्क (R)** : जाड़े के मौसम में लोग गर्म करने के प्रयोजन से या स्वयं को गर्म रखने के लिए बड़ी मात्रा में जैव-संहति (बायोमास) को जलाते हैं।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**43.** Occurrence of natural hazards is affected by :

(a) Land use changes
(b) Drainage and construction
(c) Ozone depletion
(d) Climate change

Choose the correct answer from the code given below :

(1) (a), (c) and (d)
(2) (a), (b) and (c)
(3) (a), (b) and (d)
(4) (b), (c) and (d)

**44.** Which of the following pollutant gases is **not** produced both naturally and as a result of industrial activity ?

(1) Chlorofluoro carbons
(2) Nitrous oxide
(3) Methane
(4) Carbon dioxide

**45.** Among the following fuels of energy, which is the most environment friendly ?

(1) Ethanol
(2) Biogas
(3) CNG
(4) Hydrogen

**46.** Which of the following are the goals of higher education in India ?

(a) Access
(b) Equity
(c) Quality and Excellence
(d) Relevance
(e) Value based education
(f) Compulsory and free education

Select the correct answer from the code given below :

(1) (a), (b) and (e) only
(2) (a), (b), (e) and (f)
(3) (a), (b), (c), (d) and (e)
(4) (a), (b), (c), (d), (e) and (f)

**47.** Which of the following has been ranked the best college in the country (2017) as per the National Institutional Ranking Framework (NIRF) ?

(1) Miranda House, Delhi
(2) St. Stephen's College, Delhi
(3) Fergusson College, Pune
(4) Maharaja's College, Mysore

43. प्राकृतिक आपदाओं के घटित होने में निम्नलिखित का प्रभाव पड़ता है :

(a) भूमि – उपयोग में परिवर्तन
(b) जल निकास और निर्माण
(c) ओज़ोन में कमी
(d) जलवायु परिवर्तन

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (c) और (d)
(2) (a), (b) और (c)
(3) (a), (b) और (d)
(4) (b), (c) और (d)

44. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रदूषक गैस प्राकृतिक रूप से और औद्योगिक गतिविधि के परिणामस्वरूप दोनों से उत्पन्न **नहीं** होती है ?

(1) क्लोरोफ्लूरो कार्बन
(2) नाइट्रस ऑक्साइड
(3) मीथेन
(4) कार्बन डाइऑक्साइड

45. निम्नलिखित ऊर्जा ईंधनों में कौन-सा ईंधन पर्यावरण के लिए सबसे अनुकूल है ?

(1) एथेनोल
(2) बायोगैस
(3) सी.एन.जी.
(4) हाइड्रोजन

46. भारत में उच्च शिक्षा के लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(a) अभिगम
(b) साम्या
(c) गुण एवं प्रकर्ष
(d) प्रासंगिकता
(e) मूल्य आधारित शिक्षा
(f) अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (a), (b) और (e)
(2) (a), (b), (e) और (f)
(3) (a), (b), (c), (d) और (e)
(4) (a), (b), (c), (d), (e) और (f)

47. राष्ट्रीय सांस्थानिक श्रेणीकरण ढाँचा (एन.आई.आर.एफ.) के अनुसार निम्नलिखित में से किसे देश में, सर्वश्रेष्ठ कॉलेज (2017) का स्थान प्राप्त हुआ ?

(1) मिरांडा हाउस, दिल्ली
(2) सेंट स्टीफन्स कॉलेज, दिल्ली
(3) फर्गुसन कॉलेज, पुणे
(4) महाराजा कॉलेज, मैसूर

**48.** Which of the following universities has received the Visitor's Award for the best Central University in India in Feb. 2017 ?

(1) Jawaharlal Nehru University (2) Banaras Hindu University

(3) Tezpur University (4) University of Hyderabad

**49.** Who among the following can be removed by the President without Parliament's resolution ?

(1) Judge of a High Court (2) Governor of a State

(3) Chief Election Commissioner (4) Comptroller and Auditor - General

**50.** Which of the following come(s) within the ambit of the term 'corruption' ?

(a) Misuse of official position

(b) Deviation from rules, laws and norms

(c) Non-action when action is required

(d) Harm to public good

Select the **correct** answer from the code given below :

(1) (a) only (2) (a) and (b) only

(3) (a), (b) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)

- o 0 o -

**48.** निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में से किसे फरवरी 2017 में सर्वश्रेष्ठ केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए कुलाध्यक्ष (विज़िटर) का पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(1) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
(2) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(3) तेजपुर विश्वविद्यालय
(4) हैदराबाद विश्वविद्यालय

**49.** निम्नलिखित में से किसे संसद के स्वीकृत प्रस्ताव के बिना राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है ?

(1) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश
(2) राज्य का राज्यपाल
(3) मुख्य चुनाव आयुक्त
(4) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'भ्रष्टाचार' शब्द की परिधि में आता है ?

(a) सरकारी पद का दुरुपयोग
(b) नियमों, कानूनों और मानकों से विचलन
(c) जब कार्रवाई आवश्यक हो तो कार्रवाई न करना
(d) लोक संपत्ति को नुकसान

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनें :

(1) केवल (a)
(2) केवल (a) और (b)
(3) (a), (b) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

- o 0 o -

Space For Rough Work